प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 19.04.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन में देश की प्रत्येक महिला को दिलाया भरोसा– महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा होगी दूर।
- झारखंड ने मांगी मनरेगा की बकाया राशि; केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जल्द भुगतान का दिया भरोसा, आजीविका मिशन में तेजी लाने के दिए निर्देश।
- केंद्र सरकार ने कहा – देश में ईंधन की कोई कमी नहीं, नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराहट में खरीदारी से बचने की अपील।
- राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए 666 विशेषज्ञ डॉक्टरों की जल्द होगी नियुक्ति, कार्मिक विभाग ने जेपीएससी को भेजी अधियाचना।
- मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में अगले तीन दिनों में और तेज गर्मी पड़ने की जताई आशंका, कल और परसों लू चलने की चेतावनी।

***********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की प्रत्येक महिला को आश्वस्त किया है कि उनकी सरकार महिला आरक्षण के रास्ते में आने वाली हर बाधा को दूर करेगी। राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जो दल महिला आरक्षण का विरोध कर रहे हैं, वे देश की महिलाओं की संसद और राज्य विधानसभाओं में बढ़ती भागीदारी को रोक नहीं पाएंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह अफवाह फैलाई गई कि परिसीमन प्रक्रिया से कुछ राज्यों को नुकसान होगा।

***********************

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने  कृषि क्षेत्र की वर्तमान स्थिति और आगामी खरीफ सीजन की तैयारियों को लेकर एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री ने किसानों के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि सरकार अल नीनो के संभावित प्रभाव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।

***********************

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ हुई मनरेगा की समीक्षा बैठक में राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बकाए राशि की मांग की। इस बैठक में मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पर झारखण्ड का 1286 करोड़ रुपये बकाया है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने आश्वस्त किया कि मनरेगा के बकाए राशि का जल्द भुगतान किया जायेगा। बैठक में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) के क्रियान्वयन के लिए झारखण्ड की तैयारियों का भी आकलन किया गया।

***********************

पश्चिम एशिया की बदलती स्थिति को देखते हुए भारत सरकार ने देश में ऊर्जा सुरक्षा और पेट्रोलियम उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति जारी है और नागरिक किसी भी तरह की अफवाह या घबराहट में आकर अनावश्यक खरीदारी न करें। इधर, जमाखोरी और कालाबाजारी रोकने के लिए देशभर में सख्त प्रवर्तन अभियान चलाए जा रहे हैं, जिसके तहत अब तक हजारों छापे मारे गए और दोषी वितरकों पर कड़ी कार्रवाई की गई है।

***********************

झारखण्ड लोक सेवा आयोग की ओर से आज राज्य के 24 जिलों के 560 केंद्रों पर सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा, पीटी का आयोजन किया जा रहा है। इस परीक्षा में 103 पदों के लिए दो लाख से अधिक अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। धनबाद में भी परीक्षा के आयोजन की तैयारी पूरी है। उपायुक्त आदित्य आनंद ने बताया कि कदाचार करते पाए जाने पर संबंधित अभ्यर्थी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

***********************

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सिविल सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर खुशी जताई है। उन्होंने कहा है कि सिविल सेवा में महिलाओं की हिस्सेदारी अब 31 प्रतिशत से अधिक हो गई है और कुल सफल उम्मीदवारों के एक तिहाई की ओर लगातार बढ़ रही है।

***********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news अंडर स्कोर_ranchi
और
फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,
इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

***********************

जामताड़ा जिले में स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए पोषण पखवाड़ा के तहत कई कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

***********************

गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन ने कहा है कि ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में सबसे सामान्य कैंसरों में से एक है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण कई महिलाएँ इसके लक्षणों को नज़रअंदाज़ कर देती हैं। रांची में आयोजित एक जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कैंसर से बचाव के लिए खुद के स्वास्थ्य पर ध्यान देना जरूरी है।

***********************

राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार 666 विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति करेगी। इसके लिए कार्मिक विभाग ने झारखण्ड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी को अधियाचना भेज दी है। डॉक्टरों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी हो जाने से मरीजों को बेहतर इलाज मिल सकेगा।

***********************

आज अक्षय तृतीया है। दोपहर एक बजकर एक मिनट के बाद तृतीया तिथि शुरू हो जाएगी। रांची के पंडित कौशल कुमार मिश्रा ने बताया कि इसी कारण अक्षय तृतीया से सम्बंधित खरीदारी दोपहर एक बजकर एक मिनट के बाद से शुरू होगी, जो पूरी रात की जा सकेगी।

***********************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य भर में अगले तीन दिनों में और तेज गर्मी पड़ने की आशंका जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के अनुसार, कल और परसों के लिए गढ़वा, पलामू, चतरा, जमशेदपुर और खूंटी समेत कई जिलों में लू का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान गरम हवाओं और तेज धूप से बचने की सलाह दी गयी है। हालांकि, इसके बाद 24 अप्रैल को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में आंशिक बादल और हलकी बारिश होने के भी आसार हैं।

***********************

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज किंग्समीड स्टेडियम में पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला करेगी। यह मैच डरबन में भारतीय समयानुसार शाम 5.30 बजे शुरू होगा।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर प्रमुख अख़बारों ने होर्मुज स्ट्रेट में ईरानी सैनिकों द्वारा भारतीय पोत पर फायरिंग की घटना को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण की लीड खबर है – पहली बार भारतीय जहाजों पर ईरान ने की गोलीबारी, जबरन वापस मोड़ा।

प्रभात खबर ने लिखा है – मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 21 अप्रैल को 63 बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को देंगे नियुक्ति पत्र।

हिंदुस्तान की सुर्खी है – झारखण्ड एकेडमिक काउन्सिल, जैक ने कहा– अभी जारी नहीं हुआ है मैट्रिक का रिजल्ट, अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील।

दैनिक भास्कर की हेडलाइन है – सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए सरकार ने फिर पुराना पैनल ही लोकभावन भेजा, कहा – ये तीनों विख्यात समाजसेवी

***************